# लुढ़क रहा तापमान का पारा, किसान फसल बचाने के करें जतन

## कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को बताए जा रहे फसलों को पाले से बचाव के उपाय



**शाजापुर, 6 जनवरी. तापमान का पारा लगातार लुढ़क रहा है, ऐसे में आलू, चना सहित अन्य फसलों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं. ऐसे में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को पाले से फसल बचाव के तरीके बताए जा रहे हैं.**

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको द्वारा गोपीपुर, लोहरवास, भरड, अभयपुर, सतगांव, खोरिया एमा मे बोई गई फसलों का निरीक्षण किया गया एवं पाया कि जिले में रबी फसलों की वर्तमान स्थिति अच्छी है. लेकिन विगत 2 से 3 दिनों में लगातार गिरता हुआ तापक्रम एंव बढ़ती हुई ठंड फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है. तापमान में इस तरह का उतार चढ़ाव जारी रह सकता है. इस विषम परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जीआर अंबावतिया द्वारा पाले एंव ठंड से फसलों को बचाने के लिए किसान भाईयों को उचित सलाह एंव मार्गदर्शन दिया जा रहा है कि गिरते तापक्रम एंव ठंड पर विषेष ध्यान रखें एंव सावधानीपूर्वक उपाय का प्रयास करें.

**क्या है फसल पर पाला पड़ना...**

सर्दी के मौसम में जनवरी महीने में शीत लहर चल रही है. रात का तापक्रम लगातार कम होता जा रहा है. जब तापक्रम लगातार 5 डिग्री सेल्सियस से कम हो जाता है तो फसलों के अंदर उपस्थित पानी जम जाता है, जिससे पौधे की कोशिकाभित्त फट जाती है और तरल पदार्थ बाहर की तरफ आ जाते हैं. पौधे मुरझा व झुलस जाते हैं. इसे ही पाला या ठंड से जलना कहते हैं. पाले से पौधा, बीज खराब होकर मर जाता है.



### कब पड़ता है पाला...

कृषि विज्ञानियों के अनुसार लगातार रात का तापक्रम 5 डिग्री से नीचे तक चला जाए. आसमान में बादल न रहें, सुबह-सुबह हवा चल जाए .पाले से बवाव के लिए किसानों को सचेत रहना चाहिए .विशेष रूप से आलु, मटर, सरसों, काबुली चना एवं अन्य सब्जीवर्गीय की फ़सल को बचाने हेतु उपाय करना चाहिए. सिचाई करने से खेत का तापक्रम 0 .5 से 2 डिग्री तक बढ़ जाता है. पाले की सम्भावनाओं को देखते हुए खेत में हल्की सिंचाई स्प्रीकंलर से करें, जिससे मिटटी गीली रहें. बहुत अधिक या कम पानी ना दें. कुछ रसायनों के उपयोग से भी पाले से बचाव किया जा सकता है. थायोयूरिया की 500 ग्राम मात्रा का एक हजार लीटर पानी में धोल बनाकर छिडकाव करें. 8 से 10 किलोग्राम सल्फर डस्ट प्रति एकड बुरकाव अथवा वेटेबल या धुलनशील सल्फर 3 ग्राम प्रति लीटर पानी में धोल बनाकर छिडकाव करना भी पाले के विरूध कारगर उपाय पाया गया है. खेतों व बगीचों में धुंआ हेतु नम धास या टहनियों को इस तरह जलाएं कि धुंआ खेतों पर एक परत बना लें व खेत में फसलों व पौधो के उपर धुंआ बना रहे, इससे तापक्रम में अंतर आ जाता है. 6 से 8 जगहों पर धुआ करें. जला हुआ इंजन आयल या टायर जलाये तो ज्यादा धुंआ हो जाएगा. यह प्रकिया आधी रात के बाद करने से ज्यादा कारगर होता है. चना, आलु, मटर, मसूर, फसल में सरसो के अंतरवर्तीय फसल लेने से हवा कि ठंडी तरंगें फसलों को कम नुकसान पहुंचाती है. संतरा, आम, नींबू, अनार, बेर, सीताफल एवं पपीता के पौधों की धास, फूस, ज्वार के कड़वी की टाटीयों से ढकें. बडे पौधों के उपर ताड़ के पत्ते या सूखी घास फैला दें, टाट से ढकें इस तरह पौधों के उपर ठंड से बचाव करें. ठंड से बचाने हेतु पशुओं को खुले में न रखें एवं खानपान का उचित प्रबंध करें.

## एक नजर में

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**सोयतकलां, 6 जनवरी.** श्री राधे मित्र मंडल के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन 7 जनवरी बुधवार को मेडकवालधर्मशाला सोयतकलां में आयोजित किया जाएगा. नेत्र रोगी संबंधी समस्या प्रकार की जांच मोतियाबिंद के मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं जांच ऑपरेशन लेंस दवाइयां काला चश्मा भोजन वाहन सुविधा निशुल्क रहेगी. श्री राधे मित्र मंडल ने निशुल्क जांच शिव का आयोजन का लाभ लेने की अपील की है.

### नाबालिग किशोरी ने लगाया पिता पर छेड़छाड़ का आरोप, पुलिस कर रही जांच

**सोयतकलां, 6 जनवरी.** नगर के समीप गाव डोंगरगांव में छेड़छाड़ की घटना लगातार सामने आ रही है. नगर के पुलिस थाने में एक नाबालिग किशोरी ने अपने पिता के ऊपर छेड़छाड़ का मामला दर्ज करवाया है. पुलिस ने नाबालिक किशोरी की शिकायत पर पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है. नाबालिग किशोरी ने पुलिस थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि करीब चार महापूर्व दोपहर मे घर पर अकेली थी, मां काम पर गई थी तभी पापा घर आते थे और मेरे साथ बुरी नीयत से छेड़छाड़ करते थे और मुझे खाने-पीने की चीज दिलाकर बहलाते थे. पापा की रोज की इस गंदी हरकत से परेशान होकर घटना की पूरी जानकारी मम्मी और नानी को बताई. जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज करवाई. थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया नाबालिग किशोरी की शिकायत पुलिस ने पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर फ़रार आरोपी युवक की तलाश की जा रही है.

### कक्षा 9 के लिए प्रवेश हेतु आवेदन प्रारंभ

**शाजापुर, 6 जनवरी.** मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सर्वसुविधायुक्त जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालयों एवं विकासखंड स्तरीय मॉडल स्कूलों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु संयुक्त चयन परीक्षा सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है. इस परीक्षा में कक्षा 8वी में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं. परीक्षा में शामिल होने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 16 जनवरी निर्धारित की गई है, जबकि संयुक्त चयन परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित होगी .विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन एमपी ऑनलाइन कियोस्क अथवा स्वयं डेबिट, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कर सकते हैं. विद्यालय प्रशासन जिले के समस्त विद्यार्थियों व अभिभावकों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर आवेदन दर्ज करवाना सुनिश्चित करें, जिससे वह चयन परीक्षा में सम्मिलित होकर इन विद्यालयों में प्रवेश पाकर अपनी प्रतिभा को सशक्त मंच प्राप्त कर सके. यहां पर राज्य स्तरीय परीक्षा द्वारा चयनित एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा अध्यापन कराया जाता है, विद्यालय प्रांगण सर्वसुविधा युक्त 100 छात्र एवं 100 छात्राओं के लिए पृथक-पृथक निशुल्क छात्रावास की सुविधा, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट,गाइड, सार्वभौमिक मानवीय मूल्य, उमंग, जीवन कौशल शिक्षा सहित अन्य गतिविधियों का संचालन होता है. विगत 22 वर्षों से विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा तथा मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना में गत वर्ष जिले से सर्वाधिक 93 विद्यार्थियों को लैपटॉप हेतु 25000 रुपये की राशि प्राप्त हुई. राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया. नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित शिक्षण पद्धति, विशाल खेल मैदान, साफ. सुरक्षित वातावरण, हवादार कक्षाएं तथा पुस्तकालय सुविधा, आधुनिक प्रयोगशालाएं, कम्प्यूटर लैब, आईसीटी लैब, व्यवसायिक शिक्षा की सुविधा भी होती है. बच्चों के शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए नियमित शैक्षणिक भ्रमण एवं पाठ्यसहगामी क्रियाओं का संचालन, आईसीटी लैब एवं प्रोजेक्टर द्वारा स्मार्ट क्लास में पढ़ाई. प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु काउंसलिंग तथा कोचिंग एवं केरियर काउंसलिंग, प्रवेश परीक्षा हेतु फॉर्म भरने वाले विद्यार्थियों के लिए निरूशुल्क मार्गदर्शन कक्षाएं, अभिभावक, ध्यापक के मध्य नियमित संवाद होता है

### अब 30 करोड़ से साफ होगी चीलर नदी

**शाजापुर, 6 जनवरी.** नगरपालिका ने शहर के बीच से बहने वाली चीलर नदी को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए एक बड़ी योजना तैयार की है. इसके लिए 30 करोड़ रुपए की डीपीआर बनाकर मध्य प्रदेश सरकार को भेजी गई है. मंगलवार को नदी की सफाई और उसमें गिरने वाले गंदे नालों को रोकने को लेकर विचार करने के लिए जल गंगा मिशन से सेवानिवृत्त अधिकारी ने भी नदी का निरीक्षण किया और इसके बचाव के उपाय बताए. जल गंगा मिशन के सेवानिवृत्त अधिकारी देवेंद्रसिंह ढपौला को शाजापुर बुलाया गया था. नगरपालिका के बुलावे पर ढपौला ने चीलर नदी का निरीक्षण किया और पानी की जांच रिपोर्ट भी देखी. निरीक्षण के बाद ढपौला ने बताया कि फिलहाल चीलर नदी का पानी बहुत ज्यादा खराब नहीं है और इसे आसानी से साफ किया जा सकता है. उन्होंने सुझाव दिया कि नदी में मिलने वाले गंदे नालों को सीवरेज लाइन से जोड़ा जाए, ताकि गंदा पानी सीधे नदी में न गिरे. इसके साथ ही घरों से निकलने वाले गंदे पानी को भी नदी में जाने से रोकने की योजना बनाई जाएगी.

**शहर के लोगों से भी सहयोग करने की अपील की**

अधिकारी के इन उपायों से चीलर नदी को दोबारा साफ और जीवित किया जा सकता है. ढपौला ने शहर के लोगों से भी सहयोग करने की अपील की. उन्होंने कहा कि लोग नदी में गंदा पानी न बहाएं और पॉलीथिन का इस्तेमाल बंद करें. सब्जी या सामान खरीदने जाते समय घर से कपड़े का थैला लेकर जाएं, इससे नदी में कचरा कम होगा. ढपौला ने बताया कि अभी चीलर नदी का पानी इतना गंदा नहीं है कि उसमें नहाया न जा सके, लेकिन अगर समय रहते गंदे नालों को रोक दिया गया, तो नदी पूरी तरह स्वच्छ रह सकती है. नगरपालिका चीलर नदी को साफऔर सुंदर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है.

### 10वीं, 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू

**शाजापुर, 6 जनवरी.** बस स्टैंड स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में सोमवार से कक्षा 10वीं और 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई. पहले दिन कक्षा 12वीं के छात्रों ने कृषि एवं भूगोल विषय की परीक्षा दी, जिसमें लगभग 69 विद्यार्थी शामिल हुए. परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई .विद्यालय के प्राचार्य हेमंत यादव ने बताया कि प्री-बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों को वार्षिक बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार करने और उनकी तैयारी का आंकलन करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती हैं. इन परीक्षाओं का मुख्य लक्ष्य छात्रों को बोर्ड परीक्षा के वास्तविक वातावरण से परिचित कराना, उनकी कमजोरियों की पहचान करना और समय प्रबंधन का अभ्यास कराना है. प्राचार्य ने बताया कि सोमवार को कक्षा 12वीं का पेपर हुआ, जबकि मंगलवार को कक्षा 10वीं की परीक्षा होगी. परीक्षाएं प्रतिदिन 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएंगी और यह प्रक्रिया 13 जनवरी तक जारी रहेगी. विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि प्री-बोर्ड परीक्षाएं छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने और बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं.

# शाजापुर में रात का पारा 4 .1 डिग्री, सर्दी से कांपे शहरवासी

## रातभर छाया रहा घना कोहरा, दिन में धूप खिलने के बाद मिली राहत

**शाजापुर, 6 जनवरी. शाजापुर जिला इन दिनों हाड़ कंपा देने वाली सर्दी की चपेट में है. तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है. मंगलवार को भी सोमवार की अपेक्षा तापमान में 3 डिग्री गिरावट दर्ज की गई और न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री तक पहुंच गया. वहीं रातभर नगरवासी घने कोहरे की चपेट में रहे. मौसम विभाग की मानें, तो अभी सर्दी से राहत की संभावना नहीं है.**

कुछ दिन पहले नगरवासी धूप से भी दूर थे और आसमान पर कोहरा, बादल छाने के साथ ही शीतलहर भी चल रही थी. सोमवार से मौसम ने करवट बदली और दोपहर में कुछ देर के लिए धूप खिली, जिससे उम्मीद थी कि अब शायद मौसम बदले और सर्दी से राहत मिले, लेकिन रात होते ही सर्द हवाओं ने लोगों की उम्मीदों पर कोहरा फेर दिया. रात करीब 9.30 बजे फिर घना कोहरा छा गया. इसके बाद सर्द हवाओं से मौसम पूरी तरह सर्द हो गया. सुबह जब लोगों की आंख खुली तो पूरे नगर ने कोहरे की चादर ओढ़ रखी थी. गनीमत रही कि कुछ देर बाद आसमान साफ हो गया और धूप निकल आई, जिससे लोगों को काफी राहत मिली, लेकिन अभी सर्दी से राहत मिलने की संभावना नहीं है.

### रात भर चली सर्द हवाएं, बाजारों में पसरा सन्नाटा

मंगलवार को दिन में धूप खिलने के बाद लोग सर्दी से राहत की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन रात 9 बजे के बाद मौसम फिर सर्द हो गया और सर्द हवाएं चलने लगी, जिससे लोग अपने-अपने घर पहुंच गए. जिससे नगर में समय से पहले ही सन्नाटा छा गया और बाजार भी बंद हो गए.

### आसमान रहेगा साफ, बरकरार रहेगी सर्दी...

सोमवार की रात इस सीजन की सबसे सर्द रात रही. इस दिन न्यूनतम तापमान 4 .1 डिग्री दर्ज किया गया. जबकि धूप खिलने से दिन के तापमान में वृद्धि हुई जो 19 .7 से बढ़कर 22 .7 डिग्री पहुंच गया. मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि तापमान इससे कम नहीं होगा. मंगलवार रात को तापमान में मामूली वृद्धि हो सकती है जो 5 डिग्री तक जा सकता है. उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान में उतार-चढाव का दौर जारी रहेगा, लेकिन सर्दी से राहत मिलने की फिलहाल संभावना नहीं है.

# पुलिस ने पकड़ी 48 हजार की अवैध शराब

**शाजापुर, 6 जनवरी. लालघाटी पुलिस ने सोमवार रात अवैध शराब की एक बड़ी खेप पकड़ी है. इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने लगभग 48 हजार रुपए की अवैध शराब और 10 लाख रुपए का वाहन जब्त किया है.**

लालघाटी थाना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की बोलेरो में भारी मात्रा में अवैध शराब लाई जा रही है. यह शराब राघवेल जोड़ के पास खाली की जानी थी. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी. मौके पर बोलेरो क्रमांक एमपी 42 जेडए 3872 की डिक्की से शराब की पेटियां उतारते हुए दो युवकों को पकड़ा. पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम संजय पिता प्रहलादसिंह गुर्जर 26 निवासी टूंगनी और संजय पिता भोलाराम उर्फ सीताराम गुर्जर 28 निवासी अनखली बताया. वाहन चालक संजय पिता भोलाराम को बताया गया. वाहन की तलाशी के दौरान देशी प्लेन शराब की कुल 12 पेटियां बरामद की गईं. प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वार्टर थे, जिससे कुल 600 क्वार्टर प्रत्येक 180 एमएल यानी 108 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त की गई. इसकी अनुमानित कीमत लगभग 48 हजार रुपए है. इसके अलावा करीब 10 लाख रुपए कीमत का बोलेरो वाहन भी जब्त किया गया. कुल जब्ती की कीमत लगभग 10 लाख 48 हजार रुपए आंकी गई है. लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि आरोपियों के पास शराब रखने और परिवहन का कोई वैध लाइसेंस नहीं था.

# नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं के कार्यों की विस्तृत समीक्षा

## मप्र जन अभियान परिषद की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**शाजापुर, 6 जनवरी. मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला शाजापुर के अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन 6 जनवरी को जिला पंचायत सभागार शाजापुर में किया गया है.**

बैठक के मुख्य अतिथि मप्र जन अभियान परिषद् के उपाध्यक्ष मोहन नागर, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्तद्ध रहे. विशेष अतिथियों के रूप में आशीष नागर भाजपा नगर अध्यक्ष, मुकेश सक्सेना अशासकीय सदस्य, अतुल जी सामाजिक कार्यकर्ता एवं मोनू गवली सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे. कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर, ब्लॉक समन्वयक बसंत रावत एवं श्रीमती सीमा बेंडवाल द्वारा किया गया. बैठक में जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से जिले का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया. प्रतिवेदन में नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई, जिसमें समिति खातों की स्थिति, नवांकुर सखी कार्यक्रम, बोरी बंधान, पौधारोपण, प्रस्फुटन समितियों की सक्रियता, जन समाधान प्रकोष्ठ, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम, प्रवेश प्रक्रिया एवं शुल्क, स्वामी विवेकानंद जयंती पखवाड़ा 12 से 25 जनवरी, युवा खेल एवं युवा दिवस, ग्राम सर्वे, उपसमिति निर्माण तथा प्रस्फुटन समितियों के कार्य प्रमुख रूप से शामिल रहे.



इसके पश्चात जिले की सभी नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं द्वारा अपने अपने उल्लेखनीय कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया गया. उपाध्यक्ष द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में संस्थाओं ने अपने नवाचार एवं सामाजिक योगदान की जानकारी साझा की. अपने आशीर्वचन में उपाध्यक्ष मोहन नागर ने नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं से दीर्घकालिक सहभागिता के साथ कार्य करने का आह्वान किया. उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा जन अभियान परिषद से की गई अपेक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जल, जंगल और जमीन के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि पानी, दूध से भी अधिक महंगा होता जा रहा है, हमें घर का पानी घर में और खेत का पानी खेत में रोकने हेतु समाज को जागरूक करना होगा. उन्होंने बोरी बंधान, माटी गणेश अभियान, नवांकुर सखी कार्यक्रम, पौधारोपण एवं परंपरागत खेती की सराहना करते हुए शाजापुर जिले को हरित एवं पर्यावरण.अनुकूल बनाने का संकल्प दोहराया तथा सहायक जीव जंतुओं के संरक्षण पर भी जोर दिया. उपाध्यक्ष महोदय ने जन अभियान परिषद की संरचना की जानकारी देते हुए राज्य, संभाग, जिला एवं ब्लॉक स्तर की भूमिका स्पष्ट की. साथ ही नवीन प्रस्फुटन समितियों के गठन पर बल देते हुए बताया कि वर्तमान में परिषद से लगभग 3 लाख 50 हजार लोगों का सामाजिक नेटवर्क जुड़ा हुआ है. बैठक में जानकारी दी गई कि 12 से 25 जनवरी तक ग्राम अभ्युदय कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम चौपाल, पुराने कुओं का संरक्षण, ग्राम उत्सव, ग्राम प्रतिभा सम्मान, सरकारी योजनाओं का लाभ, स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे. 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर सभी जिलों में एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. संचालन ब्लॉक समन्वयक बसंत रावत द्वारा किया गया.

### 25 को निकलेगी गौ सम्मान यात्रा

**शाजापुर, 6 जनवरी.** गौरक्षकों द्वारा गौ माता के सम्मान में गौ माता सम्मान यात्रा निकाली जा रही है. इसके लिए गौरक्षकों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं और गांव-गांव संपर्क कर इस यात्रा को उद्देश्य बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को गौ माता के सम्मान के लिए इस यात्रा में शामिल होने की अपील की जा रही है. गौ रक्षा सेना ने बताया कि यह यात्रा नगर में 25 जनवरी को दोपहर 12 बजे एबी रोड स्थित मां राजराजेश्वरी माता मंदिर से प्रारंभ होगी. जो एबी रोड, बस स्टैंड, नई सड़क होते हुए आजाद चौक पहुंचेगी. जहां इस यात्रा में शामिल होने वाले संतों का उद्बोधन होगा, जो गौ माता की महिमा के बारे में बताएंगे.

# छात्राओं को नवीन प्रवेश से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की

**शाजापुर, 6 जनवरी. शासकीय कन्या महाविद्यालय शाजापुर में शासन के आदेश अनुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या विद्यालय शाजापुर में छात्राओं को नवीन प्रवेश से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई. जिसके अंतर्गत कॉलेज चलो अभियान प्रभारी डॉ. कपिल जाटव ने छात्रों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा में भागीदारी कर छात्राएं स्वयं का एवं राष्ट्र का भविष्य उज्जवल कर सकती है. साथ ही कन्या महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का परिचय कराते हुए उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने की पंजीयन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज की जानकारी प्रदान की.**




तत्पश्चात श्रीमती दीपिका गुप्ता ने उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों जैसे गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, सेंटर सेक्टर स्कॉलरशिप, आवास सहायता योजना आदि की जानकारी प्रदान करते हुए ज्यादा से ज्यादा छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया. इसके पश्चात डॉ. रितेश महाडिक ने महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ साहित्यिक क्षेत्र में भविष्य की संभावना पर चर्चा करते हुए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को नवीन शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित मेजर, माइनर, ओपन इलेक्टिव, मल्टीडिसीप्लिनरी आदि विषयों की सारगर्भित जानकारी प्रदान की. उक्त अभियान में स्कूल की प्राचार्या एवं अन्य स्टाफ के साथ-साथ छात्राओं ने भागीदारी सुनिश्चित की.

## एक नजर में

**शाजापुर जिले की प्रथम एनएसएस स्वयंसेविका लक्ष्मी अपने पिता के साथ गणतंत्र दिवस समारोह दिल्ली में होंगी शामिल**

# राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी लक्ष्मी का राष्ट्रीय मंच पर चयन

**शाजापुर, 6 जनवरी. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर की एनएसएस इकाई की लक्ष्मी पुष्पद पिता नारायण सिंह पुष्पद ग्राम करजू की छात्रा कर्तव्य पथ नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह 2026 में अभिभावक सहित सहभागिता करेगी.**

यह चयन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, नई दिल्ली द्वारा किया गया है. लक्ष्मी ने चयनित होकर महाविद्यालय, शाजापुर, उज्जैन संभाग, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है, जो रासेयो के संयुक्त जिले शाजापुर एवं आगर मालवा के साथ उज्जैन संभाग की प्रथम छात्रा स्वयंसेविका सहभागी भी होगी. लक्ष्मी के नेतृत्व में ही जिला मुख्यालय शाजापुर पर गणतंत्र दिवस की परेड 2025 में प्रथम प्रयास में ही एनएसएस



प्लाटून को द्वितीय स्थान मिला था, उसके बाद स्वतंत्रता दिवस 2025 की परेड में प्रथम स्थान के बाद अब जिले की प्रथम एनएसएस परेड एसयुओ लक्ष्मी पुष्पद का दिल्ली गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि सदस्य के रूप में चयन होना यह साबित करता है कि मेहनत व लगन से किए गए काम के परिणाम भी अच्छे ही साबित होते हैं. इस अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक अधिकारी डॉ.शेखर मैदमवार, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विपुल कसेरा, महाविद्यालय रासेयो इकाई के संरक्षक व प्राचार्य डॉ.वीपी मीणा, रासेयो जिला संगठक अधिकारी डॉ.संतोष अस्के, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो.प्रकाश बर्फा. बीकेएसएन महाविद्यालय परिवार के सदस्यो, रासेयो इकाई एम्बेसडर रवि, यूनिट लीडर हर्षिता, एसयूओ शिवम परिहार सहित स्वयंसेवको ने लक्ष्मी व उनके अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की.

### 36 हजार रुपए शमन शुल्क राशि वसूल

**शाजापुर, 6 जनवरी.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश के परिपालन में परिवहन विभाग एवं यातायात थाना प्रभारी द्वारा द्वारा संयुक्त रूप से शाजापुर क्षेत्र में स्कूली वाहन / यात्री वाहनों की सघन चैकिंग कार्यवाही की गई. जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रीना किराड़े ने बताया कि चैकिंग के दौरान वाहनो के परमिट, फिटनेस, पीयूसी, बीमा, फायर फायटर, फर्स्ट एड बॉक्स, इंमरजेंसी गेट, कैमरा आदि चैक किए गए. प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों के प्रेशर हॉर्न निकलवाए गए, नियम विरूद्ध संचालित वाहनों से 36 हजार रुपए शमन शुल्क राशि वसूल की गई. कार्यावाही आगे भी चलेगी.